## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30 मार्च 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिये नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा। चौरासी नामांकन वैध मिले, इकतहत्तर नामांकन पत्र खारिज। आज नाम वापसी का दिन।
- लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के दौरान एग्जिट पोल पर रहेगा प्रतिबंध। निर्वाचन आयोग द्वारा फेक न्यूज और पेड न्यूज पर रखी जा रही है कड़ी नजर।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर और अमरोहा में प्रबुद्ध सम्मेलनों को किया सम्बोधित। कहा– हर एक वोट की कीमत, वोट से ही बदलाव सम्भव।
- विधायक राजू पाल की हत्या के मामले में छह दोषियों को आजीवन कारावास की सजा।

**********

प्रथम चरण के प्रदेश की आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये भरे गये नामांकन पत्रों की कल हुई जांच में चौरासी नामांकन वैध पाये गये हैं। वहीं इकहत्तर नामांकन खारिज कर दिये गये हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्याशियों द्वारा आज नाम वापस लिये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस चरण में आठ लोकसभा सीटों के लिये सत्ताइस मार्च तक नामांकन दाखिल किये गये थे। विभिन्न राजनीतिक दलों के एक सौ पचपन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा।

उधर लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। दूसरे चरण में प्रदेश की आठ सीटों पर छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा, जिसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीटें शामिल है।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के दौरान एग्जिट पोल पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अन्तर्गत यह निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति प्रदेश में इस दौरान न ही मत का सर्वेक्षण करेगा और न ही किसी मत सर्वेक्षण के परिणाम का प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रसारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता पाया जायेगा तो उसे दो वर्ष कारावास की सजा और जुर्माना या दोनों से दंडित किया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान फेक न्यूज तथा पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि एमसीएमसी द्वारा राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, फेक न्यूज निगरानी और रिपोर्टिंग तथा मीडिया उल्लंघनों की सघन मानिटरिंग हो रही है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बिजनौर और अमरोहा में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित किया। बिजनौर में प्रबुद्ध सम्मेलन में श्री योगी ने कहा कि तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद तीन वर्ष के भीतर भारत, दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जायेगा, जिससे देश की जनता की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने के साथ अनेक फायदे मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने भाजपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। वहीं अमरोहा में प्रबुद्ध सम्मेलन में श्री योगी ने कहा कि लोकतंत्र में एक–एक वोट की कीमत होती है और एक वोट से ही बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक वोट आपकी पहचान पर संकट खड़ा कर सकता है और एक वोट आपकी तकदीर और तस्वीर बदल सकता है। श्री योगी ने लोकसभा चुनाव में देशहित में मतदान करके नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

**********

प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नारकोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल लखनऊ में जारी एक बयान में बताया कि एक मार्च से अट्ठाइस मार्च तक एक हजार चार सौ उन्यासी लाख बीस हजार रुपये नकद धनराशि, दो हजार दो सौ बयालिस लाख रुपये से अधिक कीमत की छह लाख लीटर से अधिक शराब जब्त की गई। उन्होंने बताया कि अभी तक नौ हजार एक सौ चालीस लाख रुपये से अधिक कीमत की ड्रग, नकदी, मुफ्त उपहार, शराब, बहुमूल्य धातुएं और अन्य सामान जब्त किया गया है।

**********

बहुजन समाज पार्टी ने गाजियाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से अंशय कालरा उर्फ रोकी कालरा को उम्मीदवार बनाया है। बसपा के पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के प्रभारी शमसुद्दीन राईन ने कल गाजियाबाद में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

उधर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल लखनऊ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि जनता परिवर्तन के लिए तैयार है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में पीडीए सहित किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी सभी से एकजुट होकर समाजवादी पार्टी और गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

**********

प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के मामले में कल सीबीआई की विशेष अदालत ने छह दोषियों–आबिद, फरहान अहमद, जावेद, गुल हसन, रंजीत पाल और अब्दुल कवि को आजीवन कारावास को सजा के साथ ही ग्यारह लाख पैंसठ हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर इनको साजिश, बलवा, सशस्त्र बलवा, हत्या और जानलेवा हमले का दोषी माना है। वहीं, सातवें दोषी इसरार अहमद को आर्म्स एक्ट के तहत चार वर्ष की सजा सुनायी गयी है और बीस हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है। पच्चीस जनवरी दो हजार पांच को प्रयागराज के धूमनगंज में राजू पाल, उनके सहयोगी देवीदीन पाल और संदीप यादव की हत्या हुयी थी।

उधर, मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस मामले में अपर मुख्य न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट गरिमा सिंह को जांच अधिकारी बनाया गया है।

**********

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कल लखनऊ में विकसित भारत एंबेसडर मीट–अप कार्यक्रम को संबोधित किया। वरिष्ठ भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और अन्य पार्टी नेता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन में पिछले दस वर्षों में भारत की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल से लेकर अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचे के विकास, विनिर्माण और विज्ञान से लेकर स्टार्टअप तक यह भारत का दशक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सभी से विकसित भारत के राजदूत के रूप में जनता के बीच जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया, जिससे दो हजार सैतालिस से पहले ही विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

**********

प्रदेशभर में लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में हमीरपुर जनपद के ग्राम पंचायत कुर्रा के विकास खंड राठ कस्बे में कल मतदाता जागरूकता गोष्ठी और चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने के लिये जागरूक किया गया। वहीं जौनपुर में सिनेमा हॉल में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनवाई गई लघु फिल्म को दिखाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी तरह गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज और बस्ती समेत अन्य जिलों में रोजाना विभिन्न स्कूल–कॉलेजों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के जरिये लोगों को मतदान के लिये जागरूक करने के साथ ही वोट की अहमियत भी बतायी जा रही है।

**********

गुड फ्राइडे पर कल प्रदेश के गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई। यीशु मसीह क्राइस्ट को इस दिन सूली पर लटकाया गया था। उन्होंने मानवता के प्रति प्रेम के लिए कुर्बानी दी थी। इस अवसर पर गोरखपुर, पीलीभीत और हापुड़ सहित विभिन्न जिलों के चर्च में ईसाई समाज द्वारा विशेष प्रार्थनाएं की गई और प्रभु यीशु के बलिदान को याद किया गया। इस दौरान हापुड़ में बाइबिल में यीशु के द्वारा दिए गए उपदेश भी सुनाए गए।

**********

मौसम विभाग ने आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश– बुन्देलखण्ड और लखनऊ समेत कुछ अन्य जिलों में गरज–चमक के साथ तेज हवा और बारिश होने की सम्भावना जतायी है। सहारनपुर में सुबह ही मौसम का मिजाज बिगड़ गया। घने काले बादल छाने के साथ ही तेज हवा के बीच बारिश भी शुरू हो गयी।

**********